**30 जुलाई 2023**

**प्रेस नोट**

## कौशल शिक्षा, आकलन और शिक्षकों के क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए सीबीएसई ने 15 सहमति ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए

कौशल शिक्षा, आकलन और शिक्षकों के क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने की दृष्टि से, सीबीएसई ने विभिन्न संस्थानों के साथ 15 सहमति ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षा-जगत और उद्योग के बीच मजबूत सहयोग पर बल देती है। औद्योगिक उद्भासन/संपर्क को बढ़ावा देने के लिए छात्रों हेतु शिक्षुता और प्रशिक्षुता का प्रावधान करते हुए, पाठ्यक्रम को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप संरेखित करने की आवश्यकता है। वांछित परिणामों के लिए शिक्षकों की क्षमता को अद्यतन करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इन पहलों के माध्यम से सीबीएसई ने कौशल विकास, शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए रणनीतिक साझेदारियाँ की है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि छात्र विविध प्रकार की विशेषज्ञता हासिल करें और उभरती प्रौद्योगिकियों के साथ छात्रों के उद्भासन/संपर्क स्थापन के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, अटल इनोवेशन मिशन, आईबीएम, इंटेल, माइक्रोसॉफ्ट, अपेरल मेड-अप्स और होम फर्निशिंग सेक्टर कौशल परिषद, ऑटोमोटिव सेक्टर कौशल परिषद, खेल, शारीरिक शिक्षा, फिटनेस और leisure/सावकाश कौशल परिषद, लॉजिस्टिक्स सेक्टर कौशल परिषद, फर्नीचर और फिटिंग सेक्टर कौशल परिषद, जीव विज्ञान सेक्टर कौशल परिषद, कपड़ा सेक्टर कौशल परिषद, हेल्थकेयर सेक्टर कौशल परिषद जैसे सेक्टर कौशल प्रदाताओं के साथ 12 सहमति ज्ञापन हस्ताक्षर किए गए हैं।

ये सेक्टर कौशल परिषदें कौशल मॉड्यूल तैयार करने, विभिन्न स्तरों पर कौशल विषयों के लिए अध्ययन सामग्री बनाने, छात्रों के लिए प्रतियोगिताओं/हैकथॉन का आयोजन करने और शिक्षकों को प्रशिक्षित करने में सहयोग करेंगी।

सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन (सीएसएफ) SAFAL में सीबीएसई का समर्थन करेगी जो कि स्कूल विकास के लिए ग्रेड 3, 5, 8 के लिए एनईपी में अनुशंसित सक्षमता-आधारित गणना आकलन है। ये भागीदार ग्रेड 3, 5, 8 के लिए SAFAL के आयोजन हेतु गुणवत्तायुक्त सक्षमता-आधारित आकलन तैयार करेंगे।

प्रशिक्षण मैनुअल एजुकेशनल इनिशिएटिव्स प्राइवेट लिमिटेड और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया द्वारा अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में शिक्षकों के लिए सक्षमता आधारित क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) के विकास, प्रशिक्षण सामग्री के विकास और आकलन और मूल्यांकन को मजबूत करने पर विद्यमान सीबीपी के अद्यतनीकरण और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा-मूलभूत चरण (एनसीएफ-एफएस) पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) के विकास पर तैयार किए जाएंगे।





**(रमा शर्मा)**
**निदेशक (मीडिया एवं जन-संपर्क)**